




## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को

**नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।

### छात्रा ने जहर सेवन कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से 12वीं कक्षा की छात्रा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीखुर्द निवासी दीपिका पटेल पिता रविंद्र उम्र 17 वर्ष ग्राम मंदरौद



स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा थी। रविवार की रात्रि भोजन करने के बाद सभी लोग सो गए। इसी बीच देर रात्रि पिता लघुशंका के लिए बाथरुम की तरफ गया। जहां पर दीपिका बेहोश पड़ी मिली। रविंद्र ने तत्काल परिजनों को घटना की जानकारी दी। रात्रि में ही छात्रा को उपचार के लिए कुरुद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को रिफर करने पर छात्रा को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर कराकर छात्रा को गंभीर हालत में मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की रात्रि छात्रा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। छात्रा द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### कंडेल, भोथली क्षेत्र के खेतों में भरा पानी, पूरे जिले में किसान प्रभावित

# बेमौसम बारिश में धुली किसानों की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों को बुरी तरह से धो डाला है। कंडेल, भोथली, पीपरछेड़ी सहित कई गांवों में चने के खेतों में पानी भर गया है। किसानों की पूरी फसल तबाह हो गई है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

सोमवार को अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान पर बादल घिर आए और शाम साढ़े पांच बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि भी हुई। कहीं पर तो डेढ़ से दो इंच साइज के ओले गिरे। हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला करीब आठ बजे तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल लगाई है। इस बारिश से चने की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कंडेल सहित कई गांवों में फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। सिर्फ कंडेल में ही 100 एकड़ से ज्यादा चने की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। किसान चाहकर भी फसल नहीं बचा सके। किसानों ने शासन से मुआवजा और फसल बीमा का लाभ देने की मांग की है।



**पानी में डूब गई फसल**

कंडेल के किसान यतीशभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि कंडेल क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और जमकर ओलावृष्टि हुई है। इससे खेतों में पानी भर गया है। कई किसान चने की कटाई कर खेतों में रखे हैं। उनकी फसल पूरी तरह से पानी में डूबी हुई है। अभी भी मौसम में उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारिश से चना लगाने वाले हर किसान को नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन से राहत की मांग की है।

#### फसल की क्वालिटी खराब

इस मौसम से चना लगाने वाले हर किसान को नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने खेतों में करपा रखा हुआ है, उनकी फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। पानी से करपा भीग गया है। वहीं चने की खरही में भी पानी घुस गया है। इससे फसल की क्वालिटी खराब होने का खतरा है। ओलावृष्टि से खड़ी फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। ओले की मार से चने खेतों में ही झड़ गए हैं।

## कावेरी सीड्स के एजेंट पर गबन का आरोप



■ दर्जनभर किसानों ने 5 .55 लाख रुपए दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ओपी कावेरी सीड्स के एजेंट पर लाखों रुपए गबन करने का मामला फिर कलेक्टर दरबार पहुंचा है। पीड़ित किसानों ने एजेंट से 5.55 लाख रुपए दिलाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है। ग्राम भेंडरवानी, बगदेही के 11 किसानों ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि सन्‌ 2020-21 में ग्राम मड़ईभाठा के ओपी कावेरी सीड्स के एजेंट से बीज उत्पादन के लिए सरना, 28, 64 नाम धान का बीज खरीदा गया। उस बीज से फसल उत्पादन के बाद एजेंट ने उनकी फसल को ले गया जिसकी राशि 5,55,390 रुपये अप्राप्त है। एजेंट ने कंपनी से सांठगांठ कर कृषकों की उपज की राशि नहीं दी। एजेंट से फसल का पैसा मांगने पर कंपनी से राशि प्राप्त नहीं होना बताया जाता है। एजेंट उन्हें गुमराह करते आ रहा है। इससे पीड़ित किसान आर्थिक रूप से लाचार हो चुके हैं। किसान नरेशकुमार साहू, गौतमराम, सुकृतदास, महेशकुमार, परदेशी, रविशंकर साहू, रामभरोसा, मुकेशकुमार, प्यारेलाल, सुरेश, दिनेश ने कलेक्टर से फसल की राशि शीघ्र दिलवाने की मांग की है।

## नंदी प्राण-प्रतिष्ठा में हादसा : टेंट में करंट से कर्मचारी झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सांकरा स्थित नंदी चौक में नंदी भगवान की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान एक हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट में अचानक विद्युत प्रवाह होने से वहां कार्यरत एक कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंट में कार्य कर रहे हेमंत ध्रुव को अचानक करंट लग गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सांकरा के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार ग्राम सांकरा के नंदी चौक में पूर्व में भी नंदी भगवान की मूर्ति स्थापित थी। समय के साथ क्षेत्र में अतिक्रमण एवं साफ-सफाई को लेकर शिकायतें सामने आती रही थीं। बाद में संबंधित प्रयासों के तहत अतिक्रमण हटाकर नई मूर्ति स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हुई इस घटना ने आयोजन में अपनाई गई विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि घटना के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सुरक्षा मानकों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

## गांधी मंदिर उपेक्षा का शिकार

■ गंगरेल पर्यटन में शामिल कर विकसित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध के अंतिम छोर पर जंगलों के बीच स्थित गांधी मंदिर उपेक्षा का शिकार हो गया है। मंदिर समिति ने गांधी मंदिर को गंगरेल पर्यटन में शामिल कर विकसित करने की मांग की है। गांधी मंदिर समिति के अध्यक्ष शिवराम साहू, सचिव कामता साहू, सदस्य बबला देवांगन, किसन राम साहू, धनीराम ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि गंगरेल बांध के अंतिम छोर में स्थित गांधी मंदिर सन 1910 से संचालित हो रहा है। चारों ओर जंगल और पानी से घिरे



होने के कारण दर्शनीय एवं पर्यटन स्थल के रूप में इसकी पहचान है। दूर-दूर से लोग गांधी मंदिर के दर्शन तथा पर्यटन के लिए पहुंचते हैं।

गांधी मंदिर छटियारा में सुविधा की कमी होने से यहां आने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधी मंदिर पहुंचने के लिए सड़क की सुविधा नहीं है। शौचालय तथा निर्मला घाट की व्यवस्था ⏩ शेष पेज 10 पर

## विपणन संघ के हमालों ने मांगी पीएफ, ईएसआई की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तीन दशक से खाद गोदामों में कार्यरत 200 हमालों को ईएसआई तथा पीएफ योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मंगलवार को जिले के विभिन्न खाद गोदाम के हमालों ने कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

हमाल नेतराम सिन्हा, कामता, विजय, मंशाराम, चेतन ने बताया कि छग राज्य विपणन संघ के खाद गोदाम कुरूद, भाठागांव, धमतरी, नगरी, मगरलोड, भखारा में विगत 30-35 सालों से 200 हमाल काम कर रहे हैं। खाद का अनलोड, लोडिंग, स्टेकिंग, ढुलाई का कार्य करते हैं। उनके साथ अप्रिय घटना तथा उम्रदराज होने पर स्वास्थ्य सुविधा एवं पीएफ की सुविधा नहीं मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधा एवं पीएफ के लिए समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को मौखिक जानकारी दी गई लेकिन उन्हें अब तक इस योजनाओं से वंचित रखा गया है। यह 200 हमाल, मजदूरों के साथ अन्याय है। हमालों ने कलेक्टर से ईएसआई एवं पीएफ योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

**तीन दशक से कार्यरत 200 कामगार कल्याण योजनाओं से वंचित**





## खबर संक्षेप



### खेत घेरे के विवाद में बुजुर्ग और युवक के बीच मारपीट

**कांकेर।** हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम अरौद में खेत की घेराबंदी और जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। इस घटना में खास बात यह है कि दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है घटना के पहले पक्ष के प्रार्थी अरौद निवासी 80 वर्षीय सत्तेसिंग मरकाम ने चौकी हल्बा पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2026 की शाम करीब 5:30 बजे वे अपने खेत में घेरा लगाने की बात कर रहे थे, तभी गांव के ही रूपेश मरकाम और रामाधीन मरकाम ने विवाद करते हुए उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान उनके कान और दांत में चोट आई है, जिससे उन्हें दर्द हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी हल्बा पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बिना नंबर अपराध दर्ज कर थाना नरहरपुर में प्रस्तुत किया। थाना नरहरपुर में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। दूसरे पक्ष से अरौद निवासी 30 वर्षीय रूपेश कुमार मरकाम ने चौकी हल्बा पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया।

### नपा कांकेर के 21 वार्डों में मकान नंबरिंग का कार्य

**कांकेर।** जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने के लिए नगरपालिका ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शहर के हर घर को एक पहचान देने का अभियान शुरू हो चुका है। गलियों में घूमती टीमों के हाथों में पेंट और ब्रश हैं, और मकानों की दीवारों पर उभरते नंबर इस बात का संकेत दे रहे हैं कि कांकेर अब डिजिटल और व्यवस्थित प्रशासन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह सिर्फ नंबरिंग नहीं, बल्कि शहर के हर नागरिक को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से सीधे जोड़ने की एक अहम पहल है। नगरपालिका कांकेर क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रक्रिया आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण से पहले पूरी की जानी है, जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल से होने वाली है। नगर पालिका प्रशासन ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य निर्धारित किया है कि एक माह के भीतर सभी मकानों की नंबरिंग पूरी कर ली जाएगी। नगरपालिका कांकेर के अंतर्गत कुल 21 वार्ड आते हैं, जहां प्रत्येक मकान को एक विशिष्ट नंबर दिया जा रहा है। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

## निधन

### श्रीमती रामबाई पटेल

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा निवासी श्रीमती रामबाई पटेल 84 वर्ष का निधन 14 मार्च शनिवार को हो गया। वे रामानंद पटेल एवं आनंदराम पटेल की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सेनचुवा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गांधी मंदिर हुआ उपेक्षा का शिकार

नहीं होने से महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंदिर परिसर में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से यहां ठहरने वालों को जंगली जानवरों का भय बना रहता है। मंदिर समिति ने सड़क, लाइट, शौचालय, निर्मला घाट की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेसी जोश में बोले-अब लड़ेंगे सड़क से सदन तक की लड़ाई

# मनरेगा बचाओ संग्राम : कांग्रेसियों ने किया कुरूद से रायपुर कूच

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



छत्तीसगढ़ में मनरेगा को लेकर सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। मनरेगा बचाओ संग्राम के बैनरतले कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अब सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई तेज करने का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को कुरूद ब्लॉक मुख्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुआ, जहां विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होना है।

जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में निकले इस काफिले में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए मनरेगा बचाओ, मजदूरों को हक दिलाओ जैसे नारों से माहौल को पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंग दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों और ग्रामीण मजदूरों के लिए महज एक योजना नहीं, बल्कि उनकी आजीविका की जीवन रेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस योजना को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने मजदूरों के हितों की अनदेखी जारी रखी, तो आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा घेराव के जरिए सरकार का ध्यान आम जनता और मजदूर वर्ग की समस्याओं की ओर खींचा जाएगा, ताकि उनकी आवाज सत्ता के गलियारों तक पहुंचे।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता बाबर, शारदा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला, होमेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष आशीष शर्मा, डीहू राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लंबित मांगों को लेकर आज छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन करेगा प्रदर्शन

- ब्लॉक संयोजक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च को प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में नगरी ब्लॉक के कर्मचारी-अधिकारी भी 18 मार्च को दोपहर भोजन अवकाश के दौरान ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण हेतु यह चौथे चरण का प्रदर्शन है। प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करना, चार स्तरीय पदोन्नति समयमान वेतनमान तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन तक करने की मांग शामिल है।

इसके अलावा लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए गठित पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को बिना शर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर सीधे भर्ती के सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने तथा नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली समाप्त करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग भी कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई जिसमें आवश्यक रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर सहसंयोजक सुरेंद्र कुमार साहू, यशवंत साहू, अशोक साहू, गिरीश जायसवाल, डीपी ताम्रकर, अनिल कुमार ध्रुव, संजीव निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

## आमदी में मनाई गई कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी में मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई । ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा के साथ सिर पर मंगल कलश लेकर नगर के विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर साहू समाज भवन पहुंचीं। आमदी मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर के अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बालोद अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक भी सम्मिलित हुए।

## ग्रामीण साहू समाज बिरगुड़ी ने मनाई भक्त मां कर्मा की 1010 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्रामीण साहू समाज बिरगुड़ी द्वारा भक्त मां कर्मा की 1010 जयंती भामाशाह भवन में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई सर्वप्रथम समाज के लोगों ने विधि-विधान से माता कर्मा की पूजा अर्चना की। सत्यनारायण भगवान की कथा हुई। नए भवन में मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रसादी खिचड़ी का भोग लगाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष बच्चन लाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भूपत साहू, ग्रामीण सचिव टामन साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष लकेश्वर साहू, गिरधारी साहू, सौरभ साहू, सोमप्रकाश साहू, पिंटू साहू, राजू साहू, सरिता साहू , दुलारी साहू, ललिता साहू, यशस्वनी साहू, शशि साहू, चंदा साहू और ग्रामीण साहू समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ का विशेष सहयोग रहा।

## ग्राम विकास को मिल रही गति



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी अंतर्गत वीबी-जीरामजी के तहत ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन और ग्राम विकास को नई गति मिल रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम मिल रहा है। यहां महिला एवं पुरुष श्रमिक नियमित रूप से सुबह से कार्यस्थल पर पहुंचकर कार्य कर रहे हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। गांव में इन दिनों तालाब गहरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी से न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि ग्राम विकास के कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है।



## बुड़ेनी के शीतला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

19 मार्च से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। 27 मार्च तक नवरात्रि मनाई जायेगी जिसकी तैयारी पूर्णतः की ओर है। मंदिर की साफ सफाई, रंग-रोगन का कार्य पूर्ण कर चुका है। ग्राम विकास समिति द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित करने की तैयारी पूर्ण हो चुका है। ज्योति के लिए शुल्क निर्धारित है।

ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, सचिव कामता साहू, बैगा संतराम साहू के पास श्रद्धालु पंजीयन करा रहे हैं। नवरात्रि में नौ दिन तक मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा की जाती है। गांव में कुछ स्थानों पर ज्योत जंवारा बोया जाता है। मां शक्ति की आराधना की जाती है। नवरात्रि पर पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। बुड़ेनी के शीतला माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है।

## मां कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला



हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

ग्रामीण साहू समाज छाती द्वारा धूमधाम से कर्मा जयंती मनाई गई। मां कर्मा की पूजा अर्चना के बाद गांव की गलियों में कलशयात्रा बाजे की धुन पर निकाली गई। पटाखे फोड़े गए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों का भी सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में मां कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। खिचड़ी बांटी गई। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज छाती ने दी।

## क्षेत्र के विकास के लेकर मंत्रियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

भाजपा मंडल भखारा के पूर्व महामंत्री अभिषेक राव शिंदे ने नए विधानसभा भवन में विधानसभा सत्र के दौरान गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास के लेकर चर्चा की।

# नवजातों के स्वास्थ्य संरक्षण पर जोर

- नपाध्यक्ष ने शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ, 21 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



उप स्वास्थ्य केंद्र भखारा में शिशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिशु संरक्षण माह 2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन रहीं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. गौरव बंगानी सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि नवजात बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए समय पर टीकाकरण एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत जरूरी हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं।

### 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा लाभ

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह विशेष अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक टीके लगाए जाएंगे तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाएगी। अभियान के तहत बच्चों में कुपोषण की पहचान, विटामिन ए की खुराक, आयरन सप्लीमेंट एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी, जिससे बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

### कार्यक्रम में माताओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यक्रम में माताओं को शिशु देखभाल, संतुलित पोषण, स्तनपान के महत्व एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

### जनसहभागिता से सफल होगा शिशु संरक्षण माह अभियान

अधिकारियों ने कहा कि शिशु संरक्षण माह की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर है। अधिक से अधिक अभिभावकों की भागीदारी से ही बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सकता है।

बेलरगांव में मनाई गई जयंती, महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

# मां कर्मा ने समाज को सेवा, त्याग का दिया संदेश : रीता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ग्राम बेलरगांव में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती मनाई गई। सुबह 9 बजे युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रीता नेताम सरपंच थी। अध्यक्षता खेमू साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव ने की। विशेष अतिथि सुभाषचंद्र साहू जिला संगठन सचिव धमतरी, लीलांबर साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव, टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ धमतरी, नंदनी साहू सदस्य जनपद पंचायत नगरी, मोहनी साहू उपसरपंच, डोमार सिंह साहू पूर्व उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, हरिराम साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगांव, बृजलाल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगांव, महेश्वरी साहू महासभा सदस्य, सनातन साहू संरक्षक, पवन कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बेलरगांव, भुवन दास मानिकपुरी, उमेश साहू, चमरूराम साहू, नरेंद्र देवांगन, यतेंद्र साहू, शिव साहू पंच, सुरेश कोर्राम, तीरथ साहू बेलरगांव सचिव कर्मचारी थे। महिमा साहू ने मां कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व बीएसएफ जवान भूपेंद्र साहू का सम्मान किया। मुख्य अतिथि रीता नेताम ने कहा कि भक्त माता कर्मा ने समाज को सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश दिया है। साहू समाज शिक्षा, दीक्षा संस्कार से परिपूर्ण है। सुभाषचंद्र साहू ने कहा कि सामाजिक संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। युवाओं की समाज में भागीदारी सुनिश्चित हो। रोजगार और पढ़ाई पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में आदेश्वर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण समाज, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष, धनंजय साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, नंदलाल साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, किरण साहू व्यापारी प्रकोष्ठ, चुन्नू लाल साहू, शेखर साहू, फागुराम साहू, कमला साहू, भुवनेश्वरी साहू, कल्पना साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। मंच संचालन नारद साहू सचिव ग्रामीण साहू समाज ने किया।

## कर्मा जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

साहू समाज की आराध्य कुलदेवी की जयंती पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से मनाई गई। प्रत्येक गांव में साहू परिवार से कलश सजाकर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई । कर्मा माता के मंदिर में पूजा पाठ कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र की चारों दिशा कर्मामय हो गई। क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। ग्राम सौंगा में पूजा-अर्चना के बाद सार्वजनिक भंडारा का आयोजन किया गया। गाड़ाडीही में बलीराम साहू ने माता कर्मा की मूर्ति भेंटकर मंदिर निर्माण में सहयोग दिया। बोड़रा में रात्रि में फाग कार्यक्रम हुआ। ग्राम पंचायत रांकाडीह में समाजिक भवन का भूमिपूजन किया गया।

आमाचनी में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मोहंदी-बुड़ेनी सहित पूरे विकास खण्ड में बाइक रैली निकाली गई।

## अंचल की खबरें

### चरोटा में साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**अंवरी।** ग्राम चरोटा में साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण व संत माता कर्मा जयंती व ग्राम भेंडरवानी में आयोजित रामायण सम्मेलन में कुरुद विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, रवि सिन्हा मंडल अध्यक्ष भखारा, भीम साहू, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रेखा साहू जनपद सदस्य, एवन साहू जनपद सदस्य, हुसू सिन्हा, चोवा साहू, भाव प्रकाश साहू, रामनारायण नगारची, डॉ लखन सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### धोबी समाज के मंगलू व नीलू बने जिलाध्यक्ष



**धमतरी।** धोबी समाज को नया नेतृत्व मिला है, जहां मंगलू निर्मलकर को जिला अध्यक्ष एवं नीलू रजक को महिला शाखा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों की सक्रियता और सामाजिक समर्पण को देखते हुए समाज ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मंगलू निर्मलकर पिछले 20 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं और अपने गांव परखंदा से निकलकर समाज में विशेष पहचान बनाई है। वहीं नीलू रजक भी लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक व सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। नियुक्ति के बाद एक गरिमामय समारोह में दोनों का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में समाज विकास, एकता और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : अंकिता



**धमतरी।** योगेश फाउंडेशन की संचालिका अंकिता मिश्रा ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ब्राम्हण समाज की मातृशक्तियों को विमल छबिगृह में निःशुल्क द केरल स्टोरी 2 दिखाई। उन्होंने बताया कि हिन्दू समाज की बहन, बेटियों को अन्य समुदाय के लोग अपने प्रेम जाल में फंसाकर उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं। इसका बेहतर चित्रण द केरल स्टोरी 2 में किया गया है। मातृशक्तियों को यह फिल्म दिखाकर समाज की बच्चियों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### बरसी पर फल वितरण



**मगरलोड।** महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुंडी के पूर्व उपाध्यक्ष उमाशंकर देवांगन के ज्येष्ठ पुत्र स्व. चित्रसेन देवांगन (विक्की) की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में बीएमओ डॉ. शारदा ठाकुर एवं बीपीएम मनोज पटेल की उपस्थिति में मरीजों को फल, चाय, बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, सचिव सुखदेव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, संरक्षक डॉ. वेदप्रकाश सिन्हा, सलाहकार मैनसिंग हिरवानी, राजू चंद्राकर, मीडिया प्रभारी ज्ञानदेव साहू एवं कार्यकारणी सदस्य यशवंत साहू, लोकेश कंसारी, दुजेश साहू, सनत साहू, मुरली सिन्हा, सुरेश साहू, उत्तम गुप्ता, घनश्याम बिंझेकर, वासुदेव सेन, ओंकार साहू, विनोद अग्रवाल, संतोष कुमार राठिया मौजूद थे। व्यापारियों ने स्व. चित्रसेन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



### विधानसभा घेराव में शामिल हुए क्षेत्र के कांग्रेसी

**धमतरी।** भाजपा सरकार में मनरेगा संशोधन, अफ़ीम के काले कारोबार, एलपीजी गैस संकट, धान ख़रीदी में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व बढ़ते अपराध के विरुद्ध प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत नीशु चन्द्राकर विधानसभा घेराव में शामिल हुए। श्री चन्द्राकर ने कहा कि ये लड़ाई सिर्फ सत्ता के अहंकार के खिलाफ़ नहीं है, बल्कि मज़दूर और किसानों के हक की रक्षा का संकल्प है। मौके पर तपन चन्द्राकार पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद, मनोज साक्षी पूर्व जिपं सदस्य, घनश्याम साहू पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, राजेन्द्र देवांगन कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण, सतीश चंद्राकर, राहुल बख्तानी ,पुरुषोत्तम साहू, जय श्रीवास्तव, खेमराज चंद्राकार, उत्तम साहू, राघवेन्द्र सोनी, योगेश साहू, सुभाष सिन्हा, राजा देवांगन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चों ने विद्यालय में जो भी सीखा है, उसे भूलना नहीं

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में कक्षा सप्तम के छात्रों द्वारा कक्षा अष्टम के छात्रों को 14 मार्च को विदाई देने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष डा. दुलारु राम साहू, विशेष अतिथि पेशन लाल दाऊ, दुर्जन राम

माध्यमिक कक्षाओं में कई विषयों की पढ़ाई नहीं हो सकी पूरी

# अधूरी पढ़ाई के बीच परीक्षा छात्रों के साथ पालक भी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




शासकीय श्रृंगी ऋषि एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल (पीएम श्री स्कूल) में अधूरे पाठ्यक्रम के बीच परीक्षाएं आयोजित होने से विद्यार्थियों और पालकों में गहरी चिंता देखी जा रही है। विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों संचालित हैं, लेकिन माध्यमिक कक्षाओं में कई विषयों की पढ़ाई अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

छात्र-छात्राओं के अनुसार कक्षा 6वीं में अंग्रेजी विषय के 12 पाठों में से 10 मार्च तक केवल 3 पाठ ही पढ़ाए गए हैं। इसी तरह कक्षा 7वीं में हिंदी के 3 पाठ शेष हैं, जबकि अंग्रेजी में 17 में से केवल 7 पाठ ही पूरे कराए गए हैं। भूगोल विषय का पाठ्यक्रम भी अधूरा बताया जा रहा है। कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने भी बताया कि अंग्रेजी का लगभग 50 प्रतिशत सिलेबस ही पूरा हुआ है।

विद्यालय में 25 से 30 शिक्षकों का स्टाफ होने के बावजूद पढ़ाई अधूरी रहने पर पालकों ने शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा फरवरी तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर रिवीजन कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। परीक्षाएं नजदीक होने से बच्चों की तैयारी प्रभावित हो रही है, जिससे उनके भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

यह विद्यालय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। कई छात्र-छात्राएं 20 से 40 किलोमीटर दूर से आकर छात्रावास, किराए के मकान या रिश्तेदारों के यहां रहकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में अधूरी पढ़ाई उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है।

इस मामले में प्रभारी प्राचार्य एमएस प्रजापति ने बताया कि लगभग 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा हो चुका है और शेष को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी इसी प्रकार की जानकारी दी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति पर क्या कदम उठाता है और विद्यार्थियों को समय पर न्याय मिल पाता है या नहीं।

## अमेठी बस्ती में निकला जोड़ा नाग

- सर्पमित्र सूर्यकांत ने साहसिक रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम अमेठी में उस समय हड़कंप मच गया जब ईंट भट्ठा के पास एक जगह पर जोड़ा नाग दिखाई दिया। आसपास खेल रहे बच्चों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही सर्पमित्र सूर्यकांत साहू रुद्री तुरंत मौके पर पहुंचे और सूझबूझ व सतर्कता के साथ दोनों नाग का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठा के पास मिट्टी के ढेर और ईंटों के बीच दो नाग ने अपना अड्डा बना लिया था। ग्रामीणों ने जब दोनों सांप को एक साथ देखा तो डर के कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पहुंचे सर्पमित्र सूर्यकांत साहू ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। श्री साहू ने बताया कि जोड़ा नाग अक्सर साथ ही रहते हैं। रेस्क्यू के दौरान इन्हें अलग करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। जब दोनों को बाहर निकाला गया तो वे आपस में लिपटे हुए थे और काफी आक्रामक स्थिति में थे। उन्होंने कुशलता से दोनों नाग को अलग-अलग कर सुरक्षित डिब्बों में कैद किया। इसके बाद दोनों सांप को जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि की आशंका न रहे।

## सशिमं मंदरौद में दीक्षांत समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद में कक्षा अष्टम के छात्रों का दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च श्रेणी शिक्षक दूजराम साहू थे। अध्यक्षता विवेक ज्योति शिक्षण समिति के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मोजी राम साहू रहे। अतिथियों का स्वागत गमछा, सत्साहित्य एवं अबीर-गुलाल से किया गया। समारोह में कक्षा अष्टम के 46 विद्यार्थियों ने अपने 10 वर्षों के विद्यार्थी जीवन का अनुभव साझा करते हुए विद्यालय की शिक्षा, संस्कार और गतिविधियों की सराहना की। मुख्य अतिथि श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में नैतिक, आध्यात्मिक, बौद्धिक एवं कलात्मक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है।

इस दौरान कक्षा सप्तम के विद्यार्थियों ने अष्टम के छात्रों को पेन, डायरी, ग्रीटिंग कार्ड एवं स्वामी विवेकानंद का साहित्य भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ओम सिन्हा व महिमा साहू ने किया। प्रधानाचार्य टीकाराम साहू ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आभार व्यक्त रामदयाल साहू ने किया।

## मातृशक्ति ने देखी केरला स्टोरी 2



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी के नेतृत्व में सामाजिक जागरूकता एवं मातृशक्ति के सशक्तिकरण को लेकर प्रशांत टॉकीज में फिल्म केरला स्टोरी 2 का निःशुल्क प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में रामू रोहरा महापौर, शुभांक मिश्रा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, हरगुण दास फाउंडेशन के संस्थापक कैलाश बख्तानी, कोमल संभाकर, दिग्विजय सिंह कृदत्त सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत दो शो (12 से 3 बजे एवं 3 से 6 बजे) में लगभग 500 माताओं-बहनों ने फिल्म देखी, जिन्होंने हिन्दू जागरण मंच के वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया था। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने पहुंचे। फिल्म प्रदर्शन के बाद अतिथियों ने मातृशक्ति को सामाजिक एकजुटता, जागरूकता और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने समाज में फैल रही चुनौतियों पर चर्चा करते हुए जागरूक रहने और संगठित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोहन लाल साहू, दीपक सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम निषाद, चित्रेश साहू, प्रतीक सोनी, डाकेश्वर साहू, सत्यम सिन्हा, अनिमेष राजपूत, तुषार साहू, गौरव साहू, अभिषेक साहू, शिवांश पटवा, शुभम केशवानी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## पीएचसी भटगांव के महिला स्टाफ का हुआ सम्मान






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय निर्देश पर राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में महिला सशक्तिकरण पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान डॉ भावना सेन, संस्था प्रभारी एनडी साहू, पीएन साहू,लैब टेक्नीशियन अर्चना साहू, पर्यवेक्षक पद्मश्री साहू, गायत्री साहू, कल्पना सेन, ज्योति साहू, सीमा ध्रुव का सम्मान डायरी एवं पेन देकर किया गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष खुमान सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष डीएन साहू, जिला सचिव एचएल पानिका, कुरूद सचिव शंकर लाल गहरवार उपस्थित थे।

## समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी : कविता

- कुरमातराई में आयोजित माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुई जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम कुरमातराई में भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कहा कि साहू समाज भवन परिसर में भव्य मंदिर एवं भक्त माता कर्मा की मूर्ति की स्थापना की गई है।

भक्त माता कर्मा ने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति में व्यतीत किया । उस समय भेदभाव, छुआछूत, अमीर गरीब का प्रचलन था । जगन्नाथपुरी के मंदिर में माता कर्मा भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना चाहती थी लेकिन उन्हें एक गरीब महिला समझ कर पुजारियों ने मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया लेकिन माता कर्मा की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण स्वयं उनके घर में पधारे और उनकी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। अगर हम सच्चे मन से प्रभु की भक्ति और सेवा करें तो भगवान भी प्रसन्न होकर हमारे घर में पधार सकते हैं। आगे कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है। हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहा है।

समाज के विकास के लिए एकजुटता और भाईचारे की भावना निहित होती है। मौके पर सरपंच भुनेश्वरी साहू, टेमन साहू, भेष लाल साहू, नरेश कुमार साहू, खिलेंद्र साहू, उपसरपंच मीरा साहू, लाकेश्वरी साहू, रुक्मणि साहू, सुनील साहू समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## अरौद में जगह-जगह मां कर्मा की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम अरौद में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त कर्मा माता की जंयती 15 मार्च को धूमधाम से मनाई गई। सुबह कर्मा माता की पूजा-अर्चना कर रथ पर सवार होकर गली भ्रमण किया गया।

साहू समाज की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकली गई। ग्राम अरौद पूरे दिन माता कर्मा के जयकारों से गूंजा। जगह-जगह माता कर्मा की आरती व पूजा अर्चना हुई। कलश यात्रा के दौरान संगीतमय धुन में महिलाएं थिरकते रहीं। कलश यात्रा के समापन बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष तोषण साहू उपाध्यक्ष पूरन साहू, झिरम साहू, पार्वती साहू सचिव सुरेश साहू, सह सचिव सतोष साहू, कोषाध्यक्ष महेन्द्र साहू, पार प्रमुख उदेराम, भारत, संतोष भूषण, फिरता, विनय, हुलास, कामता, ग्राम प्रमुख प्रेमलाल, साधुराम, रिखी राम, दिनेश समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## साहू समाज ने तेलीनसत्ती में मनाई मां कर्मा जयंती



**धमतरी।** तहसील साहू धमतरी (ग्रामीण) परिक्षेत्र क्षेत्र साहू समाज एवं ग्रामीण साहू समाज तेलीनसती के संयुक्त तत्वाधान में तेलीनसती माता प्रांगण में आज पापमोचनी एकादशी के शुभ अवसर पर माँ कर्मा जयंती मनाया गया। समाज प्रमुखों द्वारा माँ कर्मा की पूजा आरती कर खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात समाज प्रमुखों का स्वागत सम्मान किया गया एवं अपने उद्बोधन के माध्यम से समाज को नई दशा दिशा की ओर अग्रसर करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व महामंत्री प्रदेश साहू संघ छग दयाराम साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी गणेशराम साहू, संतराम साहू कोषाध्यक्ष, गोपाल साहू, मेवा लाल साहू संरक्षक, तहसील अध्यक्ष चिरौजी लाल साहू, सचिव हीरेंद्र साहू, संगठन सचिव टीकाराम साहू, श्रीमती रुक्मणी साहू उपाध्यक्ष, संगठन सचिव श्रीमती पद्मिनी साहू, कोषाध्यक्ष नंदझरोखा मानिक राम साहू केशव राम साहू चोवाराम साहू राजेंद्र साहू उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, गोवर्धन साहू नंद साहू कृष्णा राम साहू, श्रीमती हिमेश्वरी साहू, श्रीमती भुनेश्वरी साहू गजानन साहू सीमांत साहू कमलेशकांत साहू गणेशप्रसाद साहू रामाधार साहू सविता नेहा साहू हुलास राम साहू काशीराम साहू मस्तराम धनुष साहू श्रीमती गुंजा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष मंजूषा साहू रीता साहू दीपेश्वरी साहू तारा साहू पुनीतराम नीलकंठ हजारी साहू सतीश साहू कीर्तन साहू कृष्णा साहू प्यारी लाल नागेश साहू दिनेश साहू ओमप्रकाश खिमन गौरीशंकर के साथ ही महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ अन्य सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व विधायक लेखराम साहू द्वारा जिला साहू संघ धमतरी को 100 नग कुर्सी एवं वरिष्ठ समाज सेवी नरेंद्र साहू द्वारा 50 नग कुर्सी दान करने का घोषणा किया गया। जिसे समाज द्वारा दानवीरों का सामाजिक वरिष्ठजनों व संगठन सचिव टीकाराम के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## मनरेगा के मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश में मनरेगा से जुड़े मुद्दों सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव के दौरान जोरदार प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और राज्य सरकार के खिलाफ अपनी नाराज़गी जताई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मनरेगा में किए गए संशोधन से मजदूर वर्ग प्रभावित हो रहा है, वहीं अन्य समस्याएं जैसे बेरोजगारी, धान खरीदी में अनियमितता, गैस संकट और बढ़ते अपराध आम जनता के लिए बड़ी चुनौती बन चुके हैं। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल राजनीतिक नहीं बल्कि किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने सरकार पर जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार से लोग परेशान हैं। विधानसभा घेराव के दौरान नारेबाजी कर विरोध जताया गया और सरकार से मांग की गई कि जनहित के मुद्दों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पांडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 85224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाड़ी में खड़े दो ट्रैक्टरों से 32 हजार के सामान चोरी



**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोचवाही में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो ट्रैक्टरों को निशाना बनाते हुए करीब 32 हजार रुपये के कीमती पुर्जे और बैटरियां पार कर दीं थी। पुलिस ने इस मामले में लिप्त चोर को दबोच लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोचवाही निवासी प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि इन दिनों उनके घर में खेती-किसानी का कार्य चल रहा था, जिसके लिए उनका स्वयं का ट्रैक्टर और उनके मामा का ट्रैक्टर उपयोग में लिया जा रहा था। 13 मार्च की शाम कार्य समाप्त होने के बाद दोनों ट्रैक्टरों को रोज की तरह कमल ठाकुर की बाड़ी में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया था। अगले दिन 14 मार्च की सुबह करीब 6 बजे जब प्रार्थी उठा और बाड़ी पहुंचा, तो उसने देखा कि दोनों ट्रैक्टरों के बैटरी कवर खुले हुए हैं। पास जाकर जांच करने पर चोरी का खुलासा हुआ। अज्ञात चोरों ने एक ट्रैक्टर से 10 हजार रुपये की बैटरी, 1500 रुपये की हाइड्रोलिक पट्टी, 3000 रुपये की ट्राली हींज और 1000 रुपये का ट्राली टोचन पार कर दिया। इसके अलावा पास में खड़े दूसरे ट्रैक्टर से 12 हजार रुपये की बैटरी, 1500 रुपये की हाइड्रोलिक पट्टी और 3000 रुपये का कल्टीवेटर एडजेस्टर भी चोरी हो गया। इस तरह कुल मिलाकर चोरों ने लगभग 32 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया था।

### अवैध शराब के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

**कांकेर।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए ग्राम चारामा स्थित पप्पू ढाबा में छापा मारकर अवैध देशी शराब जब्त की है। मामले में ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ढाबा संचालक 39 वर्षीय इलाबुद्दीन उर्फ पप्पू खान अपने ढाबे में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। जानकाी की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ ढाबे पर दबिश दी। तलाशी के दौरान काउंटर के सामने रखे टेबल के नीचे से एक प्लास्टिक बोरी बरामद हुई, जिसमें 17 पौवा देशी प्लेन शोले शराब कुल 1 हजार 360 रुपएं कीमत की शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

### आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। पखांजूर तहसील के ग्राम मुरावण्डी निवासी 60 वर्षीय मनारोबाई उसेण्डी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित मानसिंह के लिए चार लाख रुपए तथा भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम बोगर निवासी 52 वर्षीय जयसिंह यादव की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी श्रीमती कलाबती के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

मोबाइल की दुनिया से बाहर रंगों की ओर लौट रहा बचपन

# 'जीवन रंग आर्ट क्लास' बन रही नई पीढ़ी का सहारा





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आज के डिजिटल दौर में जहां बच्चों का बचपन मोबाइल स्क्रीन की नीली रोशनी में सिमटता जा रहा है, वहीं कुरूद में एक अनूठी पहल उन्हें फिर से कल्पनाओं की सतरंगी दुनिया से जोड़ रही है। वर्ष 2018 से बसंत फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित जीवन रंग आर्ट क्लास अब केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन चुका है।

### आत्मविश्वास के रंग भरते बसंत

संस्थापक बसंत साहू के अनुसार हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल चित्र बनाना सिखाना नहीं है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के रंग भरना है। यही कारण है कि यहां प्रशिक्षण ले रहे बच्चों के व्यवहार में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। वे पहले की तुलना में अधिक अनुशासित, रचनात्मक और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जो बच्चे पहले घंटों मोबाइल गेमिंग में बिताते थे, अब वे कैनवास पर अपनी भावनाओं को उकेरने में सुकून महसूस करते हैं।

### आभासी दुनिया से वास्तविक सृजन की ओर

जीवन रंग आर्ट क्लास बच्चों को अपनी कल्पनाओं को खुलकर व्यक्त करने का एक खुला मंच प्रदान करता है। इससे वे मोबाइल की आभासी दुनिया के जाल से बाहर निकलकर वास्तविक सृजन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस बदलाव को देखकर अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी है। अब वे समझ रहे हैं कि बच्चों को महंगे गैजेट्स देने के बजाय उन्हें ऐसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है जो उनके मानसिक विकास में सहायक हों।

**एक सामाजिक आंदोलन की आहट**

बसंत फाउंडेशन की यह पहल अब धीरे-धीरे एक सामाजिक आंदोलन का रूप लेती जा रही है। यह समाज को यह कड़ा संदेश देती है कि आने वाली पीढ़ी को सिर्फ आधुनिक तकनीक की नहीं, बल्कि सृजन के अवसरों और संस्कारों की भी उतनी ही आवश्यकता है। कुरूद से उठी यह रंगीन लहर आने वाली पीढ़ी को आत्मविश्वास और रचनात्मकता से लबरेज करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

यहां की ख्याति अब केवल प्रदेश तक सीमित नहीं है, देश के विभिन्न हिस्सों से भी बच्चे पेंटिंग सीखने की जिज्ञासा लेकर कुरूद पहुंच रहे हैं। रंगों के माध्यम से बच्चों को न सिर्फ ब्रश चलाना सिखाया जा रहा है, बल्कि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास भी किया जा रहा है। संस्था के प्रशिक्षकों का स्पष्ट मानना है कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और एकाग्रता विकसित करने का सबसे सशक्त साधन है।

# आदिवासी समाज से अन्याय बर्दाश्त नहीं



- जिले में घटित दो गंभीर प्रकरणों के विरोध में आदिवासी समाज ने किया प्रदर्शन
- कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में घटित दो अलग-अलग गंभीर प्रकरणों के विरोध में सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी एवं ध्रुव गोंड समाज के बैनरतले समाजजनों ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई के नेतृत्व में सैकड़ों लोग रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि आरोपियों पर गैर जमानती धाराओं, आर्म्स एक्ट तथा आदिवासी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि दोनों ही प्रकरण बेहद गंभीर हैं। यदि समय रहते दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन को तत्काल गैर जमानती धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए।समाजिक सलाहकार डॉ. एआर ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज के साथ अन्याय किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आर्म्स एक्ट और आदिवासी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। यदि कार्रवाई में देरी होती है तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान डॉ. एआर ठाकुर, जयपाल ठाकुर,शिव नेताम, श्यामलाल नेताम, लाल चंद्रवंशी, कृष्णा नेताम, मनराखन मंडावी, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, चमेली नेताम, नंदा ध्रुव, अनीता ठाकुर, गीता नेताम, भूमिका कोर्राम, प्रेमलता नेताम, पुष्पेन्द्र नेताम, मूलचंद कोड़प्पा, पुष्पा ध्रुव, रामेश्वर मरकाम मौजूद रहे।

# हिंदू नववर्ष पर आरएसएस का पथ संचलन 19 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी नगर द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गुरुवार 19 मार्च को मराठापारा स्थित नूतन स्कूल परिसर में होगा। कार्यक्रम को लेकर स्वयंसेवकों और नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। संघ की परंपरा के अनुसार वर्ष प्रतिपदा उत्सव भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के स्मरण का पर्व है। इस अवसर पर स्वयंसेवक अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए पथ संचलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे एकत्रीकरण होगा, जबकि आद्य सरसंघचालक प्रणाम ठीक 4:25 बजे किया जाएगा। इसके बाद संघ की प्रार्थना तथा महाआरती होगी। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से समय से पहले पहुंचने और पूर्ण गणवेश में शामिल होने का आग्रह किया है। नगर संघचालक ने नगर के सभी स्वयंसेवकों व नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए रवि, प्रकाशचंद शर्मा, योगेश साहू और विशाल ब्रह्मे से संपर्क किया जा सकता है।

# चैत्र नवरात्रि में 5 राजयोग का महासंयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च तक विशेष और दुर्लभ ज्योतिषीय संयोगों के साथ मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार नवरात्रि की शुरुआत कई शुभ योगों के साथ हो रही है, जो श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत फलदायी मानी जा रही है। खास बात यह है कि इस वर्ष माता दुर्गा पालकी (नौका) पर सवार होकर पृथ्वी लोक में पधारेंगी, जिसे सुख-समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च 2026 को प्रतिपदा तिथि से होगा और समापन 27 मार्च को रामनवमी के साथ होगा। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:52 बजे से 7:43 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:05 बजे से 12:53 बजे तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि इस बार नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे दुर्लभ योग बन रहे हैं, जो साधना, पूजा और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अत्यंत शुभ माने जाते हैं। इसके साथ ही अश्विनी नक्षत्र का भी विशेष संयोग बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित सूरज तिवारी और पंडित भूपेंद्र पांडे के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 5 प्रमुख राजयोग के महासंयोग के साथ हो रही है। इनमें लक्ष्मी नारायण योग, शश राजयोग, बुधादित्य राजयोग, मालव्य राजयोग और गजकेसरी योग शामिल हैं। इन योगों का प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ेगा, लेकिन कुछ राशियों के जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ और उन्नति देने वाला माना जा रहा है।

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि नवरात्रि के इन शुभ संयोगों में विधि-विधान से माता दुर्गा की पूजा-अर्चना करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# 53 पौवा अवैध शराब के साथ पकड़ी गई महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- नकदी सहित शराब जब्त



थैलों में रखी अवैध शराब को ले जाने वाहन का इंतजार कर रही महिला को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। महिला के कब्जे से 53 पौवा देसी अवैध शराब व नकदी बरामद की गई है। कुरुद पुलिस को मुखबिर से ग्राम बिजनापुरी निवासी एक महिला ग्राम बोड़रा के चंडी मंदिर के पास दो थैलों में अवैध शराब लेकर ग्राम डाही जाने के लिए वाहन का इंतजार करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए मुखबिर के बताए गए स्थान ग्राम बोड़रा के चंडी मंदिर के पास पहुंची। जहां बताए गए हुलिया की एक महिला थैला लेकर खड़ी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर महिला को पकड़ पूछताछ की। इस दौरान महिला ने अपना नाम चंद्रिकाबाई मरकाम उर्फ जंगलहीन पति भुनेश्वर उम्र 52 वर्ष ग्राम डाही थाना कुरुद निवासी बताया। सामान की तलाशी लेने पर एक थैले से 25 पौवा देसी प्लेन शराब व दूसरे थैले से 28 पौवा देसी मसाला शराब कुल 53 पौवा कीमत 2000 रुपए व नकदी 2200 रुपए बरामद की। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत आरोपिया चंद्रिकाबाई मरकाम उर्फ जंगलहीन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# योग मानसिक संतुलन और जीवन में सफलता के लिए आवश्यक

- पॉलीटेक्निक कालेज रुद्री में योग एवं उद्योग पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रुद्री में छात्रों के दीक्षांत समारोह में योग एवं उद्योग विषय पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जनजातीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य रामनाथ कश्यप थे। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक संतुलन और जीवन में सफलता के लिए भी आवश्यक है।

राजीव प्रकाश ने छात्रों को नवाचार और उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने छात्रों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्रों को जीवन में योग अपनाने और समाज के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कुंदन कुमार और श्रद्धा तिवारी ने किया। अंत में संस्थान के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहे।

सरकारी व निजी स्कूलों में नियमों के तहत हो रही परीक्षा

# जिले में आठवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार सरकारी स्कूलों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में भी निर्धारित नियमों के तहत परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थीं।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि मंडल के निर्देशानुसार सभी स्कूलों को प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नियमानुसार परीक्षा का संचालन किया जा रहा है और अब तक कहीं से भी परीक्षा नहीं होने या अनियमितता की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सभी विद्यालयों से वार्षिक परीक्षा शुल्क भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत लिया गया है।

परीक्षा की निगरानी के लिए शिक्षा विभाग की ओर से उड़नदस्ता दल भी गठित किया गया है, जो लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर रहा है। टीम द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है, ताकि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

हरिभूमि की टीम ने भी शहर के कुछ निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया, जहां आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं नियमानुसार संचालित होते हुई पाई गईं। विद्यालयों में विद्यार्थी शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देते नजर आए और शिक्षक परीक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करते दिखे। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी परीक्षा नियमों के विपरीत संचालित होने या परीक्षा नहीं लेने की शिकायत मिलती है तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, यहां तक कि उसकी मान्यता भी समाप्त की जा सकती है।

## आज कर्मचारी-अधिकारी करेंगे जंगी प्रदर्शन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 18 मार्च को प्रदेशभर के कर्मचारी एवं अधिकारी जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन करेंगे। जिला संयोजक चन्दूलाल चन्द्राकर ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 8, 16, 24 और 32 वर्ष में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण को 300 दिवस करने की मांग शामिल है। विभिन्न विभागों में वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने और सहायक शिक्षकों सहित अन्य संवर्गों को समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई गई है। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति की सीमा समाप्त कर उसे निःशर्त लागू करने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन एवं पदोन्नति देने, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग भी रखी है।




21 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

# जिला अस्पताल में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में शिशु संरक्षण माह 2026 का महापौर रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखना है। उन्होंने समय पर टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को अत्यंत जरूरी बताते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह विशेष अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। इस दौरान बच्चों को विभिन्न आवश्यक टीके लगाए जाएंगे। साथ ही कुपोषण की पहचान, विटामिन ए की खुराक, आयरन सप्लीमेंट और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम में शिशुओं के समग्र विकास के लिए जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। माताओं को शिशु देखभाल, संतुलित पोषण, स्तनपान के महत्व और स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. अरुण टोंडर, डॉ. आदित्य सिन्हा, डीआईओ डॉ. जेपी दीवान, डीपीएम प्रिया कंवर, हॉस्पिटल कंसल्टेंट गिरीश कश्यप सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।



